# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा–2/2014/317 दिनांक 15/04/2014

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
सम्बद्ध शिक्षा महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय,
ग्वालियर

विषय– बी.एड. (सत्र 2012–13) की परीक्षा में सम्मिलित हुये परीक्षार्थियों की बाह्य परीक्षा के अंक दिनांक 21 अप्रैल 2014 तक जमा करने विषयक्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा घोषित पूर्व अधिसूचना क्रमांकः जीवि/परीक्षा–2/2014/231 दिनांक 11/03/2014 के अनुक्रम में बी.एड. (सत्र 2012–13) में एम.पी. ऑनलाइन द्वारा प्रवेशित छात्र–छात्राओं की संपन्न की गई बाह्य परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय द्वारा जमा करने की तिथि 15.04.2014 घोषित की गई थी। किन्तु चुनाव आयोग द्वारा विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में लगाई गई है। जिस कारण कर्मचारी 15 अप्रेल से चुनाव ड्यूटी पर रहेगें।

अतः इस संबंध में शिक्षा महाविद्यालयों के प्राचार्यों को सूचित किया जाता है। कि बाह्य परीक्षा में सम्मिलित हुये परीक्षार्थियों की बाह्य परीक्षकों द्वारा प्रैक्टीकल के अंक/वीडियोग्राफी की सीडी एवं ऑनलाइन किये गये अंक **(Foil/Counter Foil)** (प्रथम–बाह्य परीक्षक द्वारा हस्ताक्षर की गयी मूल प्रति तथा द्वितीय–कम्प्यूटर पर ऑनलाइन अपडेट की गयी प्रति) तथा शपथ–पत्र विश्वविद्यालय कार्यालय के गोपनीय विभाग में 22.04.2014 तक आवश्यक रूप जमा करायें। जिससे निर्धारित समय–सीमा में परीक्षा परिणाम घोषित करने की कार्यवाही की जा सके। तिथि उपरांत विश्वविद्यालय द्वारा अंक जमा नहीं किये जायेगें। जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित शिक्षा महाविद्यालय का होगा।

**परीक्षा नियंत्रक,**

**प्रतिलिपि–**

1. प्राचार्य/प्राचार्या, शासकीय/अशासकीय शिक्षा महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ इस आशय के साथ कि वे बाह्य परीक्षा के अंक समयावधि में जमा करायें।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
3. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर चस्पा करने हेतु।

**सहायक/उप–कुलसचिव**
**(गोपनीय/परीक्षा)**